रूप चौदस की हार्दिक शुभकामनाएं


आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 259 ● कटनी ● रविवार, 23 अक्टूबर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-14 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935







## गांधी परिवार को झटका!

# राजीव गांधी फाउंडेशन का लाइसेंस रद्द

# विदेशी फंडिंग से जुड़ा मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने राजीव गांधी फाउंडेशन के फॉरेन कॉन्ट्रिब्यूशन रेगुलेशन एक्ट लाइसेंस को रद्द कर दिया है। आरजीएफ एक गैर-सरकारी संस्था है जो गांधी परिवार से जुड़ी हुई है। फॉरेन फंडिंग लॉ के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर ह्तह्र पर यह कार्रवाई हुई है। मामले के जानकार एक शख्स ने बताया कि लाइसेंस रद्द करने का फैसला इंटर-मिनिस्ट्रियल कमेटी की जांच के आधार पर हुआ है। इस कमेटी का गठन जुलाई, 2020 में केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से किया गया था। FCRA लाइसेंस के कैंसल होने को लेकर नोटिस RGF ऑफिस को भेज दिया गया है। हालांकि, एनजीओ की ओर से अभी तक इस पर कोई टिप्पणी नहीं आई है।



### सोनिया गांधी हैं RGF की अध्यक्ष

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ऋन्नस्न की अध्यक्ष हैं। वहीं, ट्रस्टी के तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम, सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा भी इसमें शामिल हैं। RGF की वेबसाइट के मुताबिक, राजीव गांधी फाउंडेशन का गठन साल 1991 में हुआ। RGF ने 1991 से 2009 तक स्वास्थ्य, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, महिलाओं और बच्चों, विकलांगता सहायता समेत कई अहम मुद्दों पर काम किया। 2010 में फाउंडेशन ने शिक्षा से जुड़े मामलों पर भी काम करने का फैसला किया।

### 2020 में शुरू हुई मामले की जांच

ऋन्नस्न 2020 में जांच के दायरे में उस वक्त आया, जब गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारी की अध्यक्षता में अंतर-मंत्रालयी समिति का गठन किया। इस कमेटी को गांधी परिवार के 3 फाउंडेशन ङ्क राजीव गांधी फाउंडेशन (RGF), राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट (RGCT) और इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट की जांच का काम सौंपा गया। इन पर इनकम टैक्स एक्ट और FCRA के उल्लंघन का आरोप था।

### चीन से चंदे पर मचा था हंगामा

सत्ताधारी दल भाजपा ने फाउंडेशन को मिले चंदे को लेकर सवाल खड़े किए थे। चीन से चल रहे तनाव के बीच बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आरोप लगाया कि चीन जैसे देश से राजीव गांधी फाउंडेशन ने दान लिया। उन्होंने 25 जून 2020 को वर्चुअल रैली के दौरान कहा कि 2005-06 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना और चीनी दूतावास से 3 लाख अमेरिकी डॉलर लिए। जेपी नड्डा ने कांग्रेस और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के बीच करीबी संबंध के आरोप लगाया। उन्होंने पूछा कि दोनों के बीच हस्ताक्षरित और अहस्ताक्षरित एमओयू क्या है? आरजीएफ ने इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर इंटरनेशनल फ्रैंडली कांटैक्ट के साथ काम किया। यह संगठन चीन के सेंट्रल मिलिट्री कमीशन ऑफ चाइना से जुड़ा है। इसका उद्देश्य दूसरे देशों के नेताओं की आवाजों को दबाना है।

## भारत-पाकिस्तान महामुकाबला

# बाबर जीरो पर आउट, अर्शदीप ने वर्ल्ड कप की अपनी पहली गेंद पर लिया विकेट

**मेलबर्न, एजेंसी।** टी-20 वर्ल्ड कप 2022 की सबसे बड़ी भिड़ंत भारत-पाकिस्तान मुकाबला शुरू हो चुका है। इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने बल्ले से एक भी रन नहीं दिया। दूसरे ओवर की पहली ही गेंद पर अर्शदीप ने विकेट लिया। ये वर्ल्ड कप में अर्शदीप की पहली गेंद भी थी। टॉस के बारे में एक फैक्ट भी जान लीजिए। भारत और पाकिस्तान के बीच इससे पहले टी-20 वर्ल्ड कप में 6 मुकाबले हो चुके हैं। इनमें से भारत ने तीन बार टॉस जीता था और तीनों ही मैचों में हमें जीत मिली थी। आज भारत और पाकिस्तान की टीमें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में दोपहर खेलने उतरीं तो करीब 1 लाख दर्शक स्टेडियम में मौजूद हैंऔर लगभग 30 करोड़ लोग इस महा मुकाबले का लुत्फ उठा रहे हैं। मौसम के फ्रंट पर भी राहत की खबर है। कल तक मैच के दौरान बारिश के आसार 90प्रतिशत थे। अब इसकी आशंका घटकर 15 प्रतिशत रह गई है।रविवार सुबह के मौसम अपडेट के अनुसार मेलबर्न में बादल छाए हुए थे, लेकिन अब वे छंट रहे हैं। बारिश की आशंका भी कम है।




ऑस्ट्रेलिया के स्नद्बष्ठ स्टेडियम में 37 साल बाद भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच मुकाबला खेला जाएगा। आखिरी बार 1985 में बेंसन एंड हेजेस विश्व चैंपियनशिप में दोनों टीमें खेली थीं। वह सुनील गावस्कर का भारत के कप्तान के तौर पर आखिरी मैच था। इसके बाद इन दोनों टीमों के बीच इस मैदान पर कभी मुकाबला नहीं देखने को मिला। स्नद्बष्ठ पर पिछले 5 मुकाबलों में टारगेट का पीछा करने वाली टीम जीत है। इन पांच मुकाबलों में सबसे बड़ा स्कोर 175 रन रहा है जो ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ बनाया था। पहली पारी में औसत स्कोर 145 रन है। दूसरी पारी का औसत स्कोर 140 रन है। भारत ने इस मैदान पर एक पारी में सबसे अधिक 184 रन का रिकॉर्ड बना रखा है। पाक का इस मैदान औसत स्कोर 125 रन है। यहां की पिच तेज गेंदबाजों को मदद करती है। इस पिच पर 59 विकेट पेसर्स ले चुके हैं।

# राष्ट्रपति शी जिनपिंग फिर बने चीन के कप्तान



## तीसरी बार संभालेंगे देश की कमान

**बीजिंग, एजेंसी।** अपने विरोधियों को कुचलकर और बड़े सियासी तमाशे के बाद शी जिनपिंग ने एक बार फिर चीन की कमान संभाल ली है। समाचार एजेंसी एएफपी ने चीनी मीडिया रिपोर्टों के हवाले से बताया कि शी जिनपिंग को तीसरी बार पांच साल के लिए कम्युनिस्ट पार्टी का महासचिव पद मिला है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रिकॉर्ड तोड़ तीसरी बार चीन के सबसे पावरफुल नेता का पद संभाला है। वह चीन की सबसे ताकतवर पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव चुने गए हैं। बता दें कि चीन में सत्ता की चाबी कम्युनिस्ट पार्टी के हाथ पर होती है। यही पार्टी चीन की आर्मी का भी नेतृत्व करती है। चीनी मीडिया के हवाले से बताया गया कि शी जिनपिंग तीसरी बार सफलता पूर्वक सबसे पावरफुल नेता बन गए हैं। उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव का पद रविवार को ग्रेट हॉल ऑफ द पीपुल में पार्टी के सप्ताह भर चलने वाले 20 वें राष्ट्रीय कांग्रेस में ग्रहण किया। इस मौके पर शी जिनपिंग ने कहा, आपने मुझ पर जो भरोसा किया है, उसके लिए मैं पूरी पार्टी को ईमानदारी से धन्यवाद देना चाहता हूं।

इमरान खान की बढ़ती मुश्किलें

# पहले अयोग्य करार दिए गए, अब हत्या की कोशिश का मामला दर्ज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। 5 साल तक सरकारी पद ग्रहण करने को लेकर अयोग्य करार दिए जाने के बाद अब उनके खिलाफ च्हत्या का प्रयासज् का मामला दर्ज हुआ है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता और नेशनल असेंबली के सदस्य मोहसिन शाहनवाज रांझा की शिकायत पर यह मामला इस्लामाबाद के सचिवालय थाने में दर्ज हुआ है। दरअसल, रांझा पर इस्लामाबाद में पाकिस्तान के चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर हमला किया गया था, जहां पीटीआई समर्थक तोशाखाना मामले में इमरान को अयोग्य घोषित करने के ईसीपी के फैसले का विरोध कर रहे थे। रांझा ने बताया कि तोशाखाना मामले में आयोग के सामने वह वादी के रूप में पेश हुए थे।



# कोविड काल में अनाथ बच्चों की सीएम हाउस में दिवाली

## बच्चों संग मस्ती के रंग में झूमे शिवराज

**भोपाल,यशभारत।** कोरोना का प्रकोप कम होने के बाद बगैर किसी बंदिश के दो साल के बाद दीपावली महापर्व पूर्ण उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कोविड काल में अनाथ हुए बच्चों की भी सुध ली है। सीएम शिवराज सिंह चौहान कोविड काल में अनाथ हुए बच्चों के साथ दीपावली मना रहे हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री निवास पर एक विशेष कार्यक्रम च्दीपोत्सवज्ज आयोजित किया जा रहा है। सुबह तकरीबन साढ़े दस बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में सीएम शिवराज के साथ उनकी पत्नी साधना सिंह भी मौजूद हैं। भोपाल और आसपास के जिलों से बच्चे इस कार्यक्रम में पहुंचे हैं। कार्यक्रम में सीएम शिवराज ने बच्चों का फूल बरसाकर स्वागत किया और उनके साथ मिलकर दीप जलाए। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सुमधुर गीत भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बच्चियों के साथ दीप प्रज्वलित किए और बच्चों के बीच जाकर बैठ गए, मंच पर बच्चों ने गीत गया। ग्राफिक डिजाइनिंग का कोर्स कर रही पावना ने दीपावली पर्व पर एक गीत सुनाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा। मामा का घर मस्ती करने का है। मस्ती करो बच्चों, हम दिवाली मानने आए है, खुश रहो। शिवरान ने बच्चों से कहा, हम छूलेंगे आसमा, आगे बढ़ेंगे।

# केबीसी14 के सेट पर हुआ अमिताभ बच्चन का एक्सीडेंट

## पैर की नस कटी तो हॉस्पिटल लेकर भागी टीम

**नई दिल्ली,एजेंसी।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में इस बात का खुलासा किया है कि हाल ही में रियलिटी टीवी शो केबीसी की शूटिंग के दौरान उन्हें चोट लग गई थी। अमिताभ बच्चन ने बताया कि पॉपुलर गेम शो की शूटिंग के दौरान एक एक्सीडेंट में उनके पैर पर चोट लग गई थी। उनके पैर की नस कट गई जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में बताया है कि उनके जख्म पर कुछ टांके लगाए गए ताकि खून का बहना रोका जा सके। हालांकि अमिताभ बच्चन ने अपने फैंस को यह भी बताया है कि वह अब पूरी तरह ठीक हैं और फिक्र करने जैसी कोई बात नहीं है। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में यह भी बताया कि उन्हें यह चोट कैसे लगी? बिग बी ने ब्लॉग में यह भी बताया है कि उन्हें यह चोट कैसे लगी? अमिताभ बच्चन ने बताया कि




सेट पर अतिरिक्त रूप से निकला हुआ धातु का एक टुकड़ा उनके पैर की तिल्ली पर से घिस गया जिससे उनके पैर की नस कट गई। उनका एक छोटा सा ऑपरेशन करके टांके लगा दिए गए जिसके बाद खून का बहना रुक गया।

# दिवाली पर सोने-चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड गिरावट

**नई दिल्ली ईएमएस।** दिवाली के शुभ मौके पर भारतीय सोना खरीदना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आप भी इस दिवाली सोने-चांदी की खरीदारी करने जा रहे हैं तो



आपके लिए अच्छी खबर है। बता दें कि पिछले कई दिनों से लगातार सोने चांदी के रेट घट रहे हैं। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 24 कैरेट का सोना इस महीने अक्टूबर के हाई 51,838 रुपये के मुकाबले 1,776 गिरकर 50,062 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। वहीं, चांदी इस महीने के हाई 61034 रुपये के मुकाबले 5,479 रुपये टूटकर 55555 रुपये पर आ गई है।



# गंगा नदी में नाव पलटी 15 को बचाया, 6 लापता

**पटना, एजेंसी।** पटना में रविवार की सुबह एक नाव गंगा नदी में पलट गई। नाव पर 21 लोग सवार थे। इनमें से 15 लोगों को स्थानीय गोताखोरों की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जबकि 6 लोग लापता है। उनकी तलाश जारी है। हादसा दीघा में दीघा पिलर नंबर 10 के पास हुआ। हादसे की सूचना स्ष्ठक्रस्न टीम को दी गई है। स्थानीय विनय कुमार ने बताया कि मैं छठ पूजा के लिए घाट की सफाई करवा रहा था। बोट पुल के पिलर से टकराई। मेरे सामने ही पूरी बोट नदी में समा गई। इसके बाद मैं अपनी नाव लेकर नदी में उतरा। पीछे से 2 नाव और आ रही थी। हम सभी ने डूब रहे लोगों को बांस और लाइव जैकेट के सहारे बाहर निकाला। हमने 2 लोगों को बचाया। हादसा सुबह साढ़े 7 बजे हुआ। बताया जा रहा है यहां बालू का अवैध खनन चल रहा था। पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। स्ष्ठक्रस्न की टीम को भी बुलाया गया है। फिलहाल स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। गंगा का जलस्तर ज्यादा होने की वजह से रेस्क्यू में परेशानी आ रही है।बताया जा रहा है कि 12 से 13 लोग गंगा जल लेने के लिए नाव पर बैठे थे। इनको दूसरी नाव से स्थानीय लोगों की मदद से निकाल लिया गया है। बाकी कुछ लोग उसी नाव से बालू ले जा रहे थे। नाव जब पिलर से टकराई तो 7 से 8 लोग जो तैरना जानते थे वो खुद कूद भाग गए। पुलिस के डर से वो नदी के दूसरे तरफ भाग गए।

# 4 साल की बच्ची को रेप करने के बाद छोड़ दिया जिंदा

## इसलिए HC ने कम कर दी सजा

**इंदौर, ईएमएस।** मध्य प्रदेश की इंदौर खंडपीठ ने हाल ही में एक फैसला सुनाया, जिसमें उसने रेप करने वाले शख्स की आजीवन कारावास की सजा को 20 साल की सजा में बदल दिया। इंदौर खंडपीठ ने दोषी की आजीवन कारावास की सजा इस आधार पर कम कर दी कि दोषी ने 4 साल की पीड़िता के साथ रेप करने के बाद उसकी हत्या नहीं की। जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस एस.के. सिंह ने अपीलकर्ता को दोषी पाया लेकिन उसकी आजीवन कारावास की सजा को कम करना ठीक समझा। खंडपीठ ने कहा, ऐसी परिस्थितियों ने न्यायालय को ट्रायल कोर्ट द्वारा साक्ष्य की सराहना करने और अपील कर्ता भयानक कृत्य पर विचार करने में कोई त्रुटि नहीं मिलती है,



जो महिला की गरिमा के लिए कोई सम्मान नहीं है। 4 साल की बच्ची से यौन अपराध करने के मामले में न्यायालय को यह उपयुक्त मामला नहीं लगता है जहां पहले से दी गई सजा को कम किया जा सके, हलांकि इस तथ्य पर विचार करते हुए कि वह पीड़ित पक्ष को जीवित छोड़ने के लिए पर्याप्त दयालू रहा इसलिए अदालत की यह राय है कि आरोपी आजीवन कारावास की सजा को 20 सालों के कठोर कारावास में बदल दिया जाए। मामले में अपीलकर्ती 4 साल की बच्ची से रेप करने का दोषी है जिस पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2)(एफ) के तहत केस दर्ज किया गया था। अब आरोपी ने अदालत में अपनी दोषसिद्धि के विरुद्ध अपील दायर की थी। जिसकी सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने ये फैसला लिया।अपीलकर्ता ने अदालत के सामने अपनी बात रखते हुए कहा कि, उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है। उसने यह भी बताया कि पीड़िता द्वारा एफएसएल रिपोर्ट को सामने नहीं लाया गया है। अपीलकर्ता ने तर्क दिया था कि यह ऐसै अपराध नहीं है जिसमें अजीवन कारावास की सजा दी जाए। अपीलकर्ता के विपरीत राज्य सरकार ने तर्क दिया कि आरोपी का अपराध नरमी के योग्य नहीं है।

# गोरखपुर से अजमेर जा रही स्लीपर बस दुर्घटनाग्रस्त, 4 की मौत, 42 घायल

**सैफई , एजेंसी।** गोरखपुर से अजमेर जा रही स्लीपर बस का आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सैफई में एक्सीडेंट हो गया। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई, तबकि 42 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सैफई के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पटाखों के स्टॉल में आग लगी, दो लोगों की मौत

विजयवाड़ा , एजेंसी। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा के जिमखाना ग्राउंड में पटाखों के एक स्टॉल में आग लग गई। इसमें दो लोगों की मौत हुई है। मृतकों की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है।

शुभांक -2-4-6

## नीलकंठेश्वर धाम की आकर्षक विद्युत साज सज्जा



विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायल सलैया पड़खुरी स्थित प्रसिद्ध नीलकंठेश्वर धाम की समाजसेवी एवं सरपंच बाबू ग्रोवर द्वारा दीपावली पर्व पर आकर्षक व मनोहारी विद्युत साज सज्जा कराई गई है।

# छात्राओं का पीछा कर छेड़खानी करने वालों को सश्रम कारावास

**कोतवाली व कुठला के दो अलग-अलग मामलों में विशेष न्यायाधीश(पॉक्सो) की न्यायालय ने सुनाई सजा**

**कटनी, यशभारत।** विशेष न्यायाधीश(पॉक्सो) की न्यायालय ने स्कूल से घर लौट रही छात्राओं का पीछा करते हुए उनसे छेड़खानी करने के दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों को सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार पहले मामले में कक्षा 10वीं की 14 वर्षीय छात्रा के स्कूल के सामने 26 अक्टूबर 2017 के चार पूर्व से आरोपी घन्नू उर्फ धरम कुमार बैठा रहता था और बुरी नीयत से घूरता रहता था। वहीं स्कूल की छुट्टी होने पर उसका पीछा करता था और मोबाईल नंबर देने व बात करने की कोशिश करता था। मना करने पर धमकाने लगा। तब छात्रा ने घटना के संबंध में अपने भाई एवं मां को बताया और फिर अपने माता-पिता के साथ थाना कोतवाली में घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिर्पोट पर अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत प्रकरण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें न्यायालय द्वारा विचारण पश्चात अभियुक्त घन्नू उर्फ धरम कुमार को धारा 11(आईव्ही)/12 पॉक्सो एक्ट के अपराध में 2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 3000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इसी प्रकार दूसरे मामले के आरोपी किन्नी उर्फ कन्हैया को पॉक्सो एक्ट के अपराध में दोषसिद्ध पाया गया। किन्नी को 2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2000 रुपए के अर्थदण्ड एवं अन्य धाराओं में 1 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नविता पिल्लै द्वारा पैरवी की गई। जानकारी के अनुसार 11 अक्टूबर 2021 को 16 वर्षीय किशोरी स्कूल से घर जा रही थी। तभी आरोपी पीछे से आया और उसके साथ छेड़खानी की एवं उससे बात करने की कोशिश की। विरोध करने पर धमकाया कि वह रोज उसका पीछा करेगा। आरोपी 1-2 दिन से घर से स्कूल आते जाते पीड़िता का पीछा कर रहा था। घटना के संबंध में पीड़िता ने अपने माता-पिता को बताया और थाना कुठला में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। विवेचना के बाद प्रकरण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसमें न्यायालय ने सजा सुनाई।

## हत्या के बाद शव को नाले में फेंका, झाड़ियों से ढका

# लाठी से पीटकर की थी प्रौढ़ की हत्या





## धवैया गांव से 5 दिन से लापता संतोष कोल मर्डर केश की गुत्थी सुलझी, चार आरोपी गिरफ्तार

**कटनी/बरही, यशभारत।** बरही थाना अंतर्गत धवैया गांव से लापता प्रौढ़ 45 वर्षीय संतोष कोल का शव कुआं के जंगल से बरामद होने के बाद मृतक प्रौढ़ को घर से ले जाने, शराब पिलाने के बाद लाठी से पीटकर हत्या करने, शव को नाले में फेंकने, शव को झाड़ियों से ढकने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। नृशंस हत्या की यह सनसनीखेज वारदात बरही थाना क्षेत्र के कुआं के जंगल मे सिजहरा गांव के रहने वाले मुख्य आरोपी लाला वर्मन ने अपने तीन अन्य साथी रघुवीर गौड़, बिंदु केवट, बुद्धू केवट के साथ मिलकर अंजाम दिया।

इस संबंध में बरही थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि मृतक संतोष कोल को उसके साथी सिजहरा निवासी आरोपी लाला वर्मन ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर सभी पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

### 20 हजार की उधारी बनी हत्या की वजह

धवैया निवासी मृतक संतोष कोल पिता गोरा कोल के घर मुख्य आरोपी लाला वर्मन का आना-जाना था। मृतक ने 20 हजार रुपए आरोपी लाला से उधार लिए थे, इसी बात को लेकर आरोपी अपनी रकम मांग रहा था, रकम न मिलने पर आरोपी ने साजिश रची। मृतक को उसके घर से बुलाकर जंगल ले गया, जहां सभी ने एक साथ बैठकर शराब का सेवन किया। आरोपी लाला ने आक्रोशित होकर मृतक की लाठी से पीटकर उसे मौत के घाट उतार दिया।

### 16 अक्टूबर से लापता था मृतक

गत 16 अक्टूबर की दोपहर मृतक संतोष कोल लाला आरोपी लाला वर्मन के साथ घर से निकला था लेकिन वह घर नहीं लौट पाया। परिजनों ने बरही थाना पहुंचकर उसके लापता होने की शिकायत दर्ज कराते हुए मुख्य आरोपी लाला वर्मन के ऊपर संदेह भी व्यक्त किया था। संदेही मुख्य आरोपी के खिलाफकार्रवाई न होने से मृतक के परिजन व धवैया के ग्रामीणों ने 21 अक्टूबर को बरही थाने का घेराव भी किया था। जिसमे लाला वर्मन को पकड़कर लापता संतोष का पता लगाने की मांग की थी। दूसरे ही दिन संतोष का शव कुआं के जंगल से बरामद किया गया।


वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.
क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी
मरीज देखने का समय- 10.30 से 3 बजे तक
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक
सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375

## मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना अंतर्गत मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार एसीसी डेहरू लाइन माधवनगर में 33 वर्षीय आशा महावत पति विकास महावत के साथ अर्जुन मलिक, करण मलिक ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। इसी प्रकार बंगला लाइन में 22 वर्षीय आकांक्षा घुरयानी पिता स्व राजकुमार घुरयानी के साथ में राधा घुरयानी ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

# सायना स्कूल के फैमिली क्वार्टर में 75 हजार की चोरी

**60 हजार रूपए नगद व आईफोन ले गए बदमाश**



**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना क्षेत्र की झिंझरी पुलिस चौकी के अंतर्गत स्थित सायना इंटरनेशनल स्कूल के फैमिली क्वार्टर में चोरी की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सायना इंटरनेशनल स्कूल परिसर स्थित फैमिली क्वार्टर के जी-3 ब्लाक बी निवासी सिमरनजीत पिता सुरजीत सिंह सलूजा के आवास से अज्ञात बदमाशों ने 60 हजार रूपए नगद व एक 15 हजार रूपए कीमती आईफोन पार कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात बदमाश के विरूद्ध धारा 380 के तहत मामला दर्ज किया है।

नीरज सिनेप्लेक्स में

ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 25 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
रामसेतु
कलाकार- अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडिस, नुसरत भरूचा, सत्यदेव आदि।
टिकट दर बालकनी क्लास- 100/- बॉक्स- 120/-
लोवर क्लास-50/- अपर क्लास-80/-

## कुएं में डूबने से युवक की मौत

**कटनी, यशभारत।** एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम हीरापुर कौड़िया के इंद्रानगर के सरकारी कुएं में डूबने से एक 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हीरापुर कौड़िया निवासी 20 वर्षीय उमेश पिता दिनेश प्रसाद चौधरी इंद्रानगर के सरकारी कुएं में निस्तार के लिए पानी निकालते समय गिर गया। जिसके कारण उसकी कुएं के पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## महिला से मारपीट के आरोपी को एक वर्ष का कारावास

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना अंतर्गत इंद्राज्योति कालोनी में हुई मारपीट के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अग्नेंघ्र कुमार द्विवेदी ने आरोपी 50 वर्षीय दुर्गा पिता बारेलाल विश्वकर्मा को एक वर्ष के कारावास व 1000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 17 अक्टूबर 2011 की शाम साढ़े 5 बजे के लगभग इंद्राज्योति कालोनी निवासी शोभा विश्वकर्मा अपनी सास मीराबाई के घर के सामने बैठी थी। उसी समय आरोपी दुर्गा विश्वकर्मा मीरा बाई के पास आया और उसकी ननद वर्षा विश्वकर्मा को गंदी-गंदी गालियां देने लगा। मीरा ने गालियां देने से मना किया तो उसके साथ भी गाली गलौज करने लगा। तभी अन्य अभियुक्त रामभूषण व मनोज भी आ गये। जिन्होंने मीरा विश्वकर्मा के साथ मारपीट की। जिससे मीरा विश्वकर्मा को बायें हाथ की गदेली में चोट आई। घटना की शिकायत शोभा विश्वकर्मा ने मीरा विश्वकर्मा के साथ जाकर थाना माधवनगर में दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 323, 324, 325, 34, 506 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया और प्रकरण सुनवाई के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले में अभियोजन की ओर से धर्मेन्द्र तिवारी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा सशक्त पैरवी की गई। अभियोजन द्वारा आवश्यक साक्षियों को परीक्षित कराया गया एवं न्यायालय के समक्ष अंतिम तर्क प्रस्तुत किए गए। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्को से सहमत होते हुए न्याधयाधीश द्वारा आरोपी दुर्गा विश्वकर्मा के विरूद्ध धारा 294, 325 का अपराध प्रमाणित पाये जाने पर 1 वर्ष के कारावास एवं 1000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## कंटेनर में क्रूरतापूर्वक भैंसों का परिवहन

**पुलिस ने मुक्त कराई 25 नग भैंस, दो पर मामला दर्ज**

**कटनी, यशभारत।** रंगनाथनगर थाना पुलिस ने बंधवा टोला में दबिश देकर एक कंटेनर में क्रूरतापूर्वक भरकर लाई गई 25 नग भैंसों को मुक्त कराते हुए उत्तरप्रदेश व जबलपुर निवासी दो युवकों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कंटेनर ट्रक क्रमांक यू.पी.12एटी-1908 में भैंसों का क्रूरतापूर्वक परिवहन कर बंधवा टोला लाए जाने की खबर मुखबिरों से पुलिस को मिली। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कंटेनर को जप्त करते हुए उसके अंदर से 25 नग भैंसों को मुक्त कराया। वहीं इस मामले में उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरपुर शहर निवासी 50 वर्षीय मजहर हसन पिता नियामत अली व जबलपुर के मदार टेकरी क्षेत्र निवासी 40 वर्षीय मोहम्मद जफर पिता मोहम्मद शरीफ के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम व मोटर व्हीकल एक्ट की अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से
दोपहर 12.45, 3, 5.15, एवं सायं 7.30 बजे से

थैंक गॉड
कलाकार- सिद्धार्थ मल्होत्रा, अजय देवगन, रकुलप्रीत सिंह, विक्रम कोचर आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 5 शो ता. 25 से
सुबह 10.30, 1.15, 4,7 एवं रात्रि 10.15 बजे से

रामसेतु
कलाकार- अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडिस, नुसरत भरूचा, सत्यदेव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
केवल चार दिनों के लिए
रोजाना 4 शो ता. 21 से
दोपहर 1. 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से

ब्लैक एडम (हिन्दी में)
कलाकार- डवेन जान्सन, जेनिफर हालेंड, सारा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

प्लाट बेचना है
दुबे कालोनी, जागृति कालोनी एवं पीयूष स्कूल के पास में बहुत ही किफायती दामों में प्लाट बेचना है।
संपर्क धर्मेंद्र तिवारी मो.
9827340910


डॉ.दीपक सक्सेना
डॉ.शोभना सक्सेना
श्री SHRI HOSPITAL KATNI
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें: श्री हॉस्पिटल एम०एम० चौबे वार्ड बरगवां कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

यश भारत

# सिटी न्यूज

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

कटनी, रविवार, 23 अक्टूबर 2022

# दोपहर में बंद मिला हथकुरी स्कूल प्राचार्य सहित शिक्षकों पर एक्शन

## वीडियो वायरल होने के बाद कलेक्टर तक पहुंचा मामला, डीईओ ने थमाया नोटिस, मांगा जबाव

**कटनी, यशभारत।** जनपद शिक्षा केन्द्र रीठी एक बार फिर विवादों में है। देवगांव में पिछले दिनों आयोजित बिदाई एवं स्वागत समारोह में स्कूल एवं कार्यालय छोड़कर आए अधिकारियों तथा आधा सैकड़ा से अधिक शिक्षकों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई थी और अब ताजा मामला स्कूल बंद होने का सामने आया है। रीठी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हथकुरी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ताला लगा होने का वीडियो वायरल होने के बाद पूरा मामला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा तक पहुंच गया। कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य इसहॉक मिंज सहित 6 अन्य शिक्षकों को तत्काल नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।



इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथकुरी में कल दोपहर करीब 12 बजे ताला लटका हुआ था। बच्चे जब स्कूल पहुंचे तो स्कूल में ताला लगा देख घर वापस आ गए। बच्चों के घर पहुंचने पर परिजनों ने पूछा तो बच्चों ने बताया कि स्कूल बंद है। विदित हो कि दीपावली का अवकाश आज धनतरेस से शुरू होना था, लेकिन एक दिन पहले स्कूल बंद होने की बात कुछ समझ में नहीं आई, जिस पर कुछ अभिभावक स्कूल पहुंचे तो बच्चों की बात सही निकली। कुछ लोगों ने स्कूल बंद होने का वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही रीठी शिक्षा विभाग सहित प्रशासन में हड़कम्प मच गया। स्कूल में ताला लगा होने के मामले का वीडियो थोड़ी ही देर में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा तक पहुंच गया। कलेक्टर ने डीईओ को जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथकुरी के प्राचार्य इसहॉक मिंज, उच्च श्रेणी शिक्षक राघवेन्द्र प्रसाद दुबे, माध्यमिक शिक्षक नित्यानंद सराफ, माध्यमिक शिक्षक नवनीत चतुर्वेदी (शिक्षक नेता), लेखापाल सत्यप्रकाश पाठक, सहायक ग्रेड तीन अवधेश प्रताप सिंह एवं एक अन्य कर्मचारी आशीष कुमार शर्मा को तत्काल नोटिस जारी कर दिया एवं लिखित में स्पष्टीकरण मांगा है। अब देखना है कि इस मामले में प्राचार्य एवं शिक्षक क्या जबाव देते हैं। हालांकि नोटिस में जबाव देने के लिए समय सीमा भी तय नहीं की गई है।

### देवगांव मामले में अब तक क्यों नहीं हुई कार्यवाही




एक तरफ स्कूल बंद होने के मामले में डीईओ पी पी सिंह ने तत्काल एक्शन ले लिया तो वहीं दूसरी तरफ सवाल यह है कि देवगांव मामले में अब तक क्यों कार्यवाही नहीं हुई। जानकारी में बताया गया है कि विगत 18 अक्टूबर को जन शिक्षा केन्द्र देवगांव में पूर्व बीआरसी विनीत गौतम एवं देवी सिंह का बिदाई समारोह एवं नवागत बीआरसी, बीईओ अनिल चक्रवर्ती का स्वागत समारोह आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में पूरे रीठी तहसील से करीब आधा सैकड़ा से अधिक शिक्षक कार्यालय समय पर स्कूल छोड़कर पहुंचे थे। स्कूल टाइम में बच्चों को स्कूल में छोड़कर सम्मान समारोह में शामिल होने की जानकारी मिलने के बाद भी डीईओ ने एक नोटिस तक जारी करना जरूरी नहीं समझा। क्या यह मामला मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1996 में वर्णित प्रावधान के अनुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की श्रेणी में नहीं आता है। इस पूरे मामले में डीईओ की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लग रहा है।

### डीईओ ने क्या कहा नोटिस में

डीईओ पी पी सिंह ने जारी किए नोटिस में कहा है कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो एवं फोटोग्राफ अनुसार पाया गया है कि शाउमा विद्यालय हथकुरी 21 अक्टूबर को दोपहर 01:45 बजे पूर्ण विद्यालय मुख्यद्वार सहित बंद है। यह कृत्य मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत कदाचरण एवं गंभीर लापरवाही का द्योतक है एवं छात्र हित के विपरीत भावना परिलक्षित होती है। विद्यालय में दोपहर 01:45 एक भी विद्यार्थी उपस्थित न होना कर्तव्यशीलता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। क्यों न अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। डीईओ ने निर्देशित किया है कि उक्त कृत्य का स्पष्टीकरण प्राचार्य के अभिमत सहित कार्यालय में प्रस्तुत किया जाए। स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाए जाने व अप्राप्त होने की स्थिति में मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम के अनुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

#### इनका कहना है

हथकुरी स्कूल बंद होने के मामले में प्राचार्य सहित 7 शिक्षकों को नोटिस जारी कर जबाव मांगा गया है। देवगांव मामले में स्कूल प्राचार्य ने बताया कि स्वागत एवं सम्मान समारोह शाम 04:30 बजे के बाद आयोजित किया गया था।



# पटाखा फोड़ने पर प्रतिबंध, बिक्री पर नहीं

## कलेक्टर द्वारा जारी आदेश को लेकर असमंजस की स्थिति

**कटनी, यशभारत।** जिले में लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण और बीते वर्ष दीवाली माह में की गई वायु गुणवत्ता जांच रिपोर्ट के आधार पर शहर में पटाखा का उपयोग प्रतिबंधित कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी प्रियंक मिश्रा ने सर्वोच्च न्यायालय एवं गृह विभाग के निर्देशों के परिपालन में नगर निगम कटनी सीमा क्षेत्र में पटाखों के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने शनिवार की देर रात यह आदेश जारी किया। कलेक्टर के आदेश का शहर में कितना पालन होता है यह तो दीपावली के दिन ही पता लगेगा, लेकिन पर्व के ठीक एक दिन पहले जारी इस आदेश से शहर में असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। शहर और उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में पटाखा बाजार में पिछले एक सप्ताह से पटाखों की खरीदी की जा रही है। दुकानदारों ने हर साल की तरह इस साल भी करोड़ों रूपए का माल स्टाक किया था और बिक्री भी शुरू कर दी है, वहीं लोगों ने अपनी जरूरत के मुताबिक पटाखों की खरीदी भी कर ली है। अब कलेक्टर ने पटाखा फोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन को पटाखा फोड़ने की बजाए इसकी बिक्री पर प्रतिबंध लगाना था और व्यापारियों को लाइसेंस जारी नहीं करना था। अब यदि पटाखों की बिक्री होगी तो स्वाभाविक है कि लोग आतिशबाजी करने सो परहेज नहीं करेंगे।

### आदेश में क्या कहा कलेक्टर ने

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जारी आदेश में कहा है कि जिले का वायु सूचकांक पूअर श्रेणी में शामिल होने के कारण यह आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार नगरनिगम सीमा के अंतर्गत किसी भी तरह के पटाखे का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। नगर निगम सीमा के बाहर केवल ग्रीन पटाखों का उपयोग रात 8 बजे से रात 10 बजे तक किया जा सकेगा। आदेश का पालन सभी एसडीएम, नगर पुलिस अधीक्षक, नगर निगम एवं प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ष नवंबर 2021 में जिले में एयर क्वालिटी इंडेक्स 235.15 दर्ज किया गया था।

# महिला कबड्डी स्पर्धा में तिलक कॉलेज विजेता

## फाइनल मुकाबले में श्रमधाम कॉलेज कैमोर को हराया, स्लीमनाबाद में आयोजन



**कटनी, यशभारत।** उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार वर्ष 2022 खेल प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर किया गया। शुक्रवार को जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में आयोजित हुई, जिसमें जिले से 11 महाविद्यालयों की टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। महिला खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में पहला सेमीफाइनल मैच शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी व कैमोर के बीच खेला गया, जिसमें कन्या महाविद्यालय कटनी विजयी हुई। दूसरा सेमीफाइनल मैच तिलक कॉलेज कटनी व विजयराघवगढ़ महाविद्यालय के बीच खेला गया, जिसमें तिलक कॉलेज विजय हुआ। फाइनल मुकाबला तिलक कॉलेज कटनी व श्रमधाम महाविद्यालय कैमोर के बीच खेला गया, जिसमें तिलक महाविद्यालय ने कैमोर को हराकर जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब जीता। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान संभाग स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के लिए टीम चयनित हुई। इस दौरान प्राचार्य डॉ सरिता पांडेय, क्रीड़ा अधिकारी डॉ शैलेंद्र जाट, प्रभात सिंह ठाकुर, डॉ प्रीत नेगी, डॉ प्रीति यादव, डॉ रंजना वर्मा, अनिल शाक्य, गोरेलाल यादव सहित महाविद्यालय स्टाफ व खिलाड़ियों की उपस्थिति रही।

# मणिपुर व नागालैण्ड के दीपोत्सव को करीब से जाना गर्ल्स ने



**कटनी, यशभारत।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत पेयर्ड स्टेट मणिपुर एवं नागालैण्ड में दीपोत्सव किस तरह से मनाया जाता है, इस संबंध में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें ईबीएसबी क्लब प्रभारी डॉ प्रज्ञा अग्रवाल ने पेयर्ड स्टेट मणिपुर एवं नागालैण्ड में दीपोत्सव के संबंध में विस्तार से छात्राओं को जानकारी दी। छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किये। भाषण प्रतियोगिता में नम्रता चतुर्वेदी प्रथम, खुशी दुबे द्वितीय एवं पायल राय तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में भीम बर्मन, स्मृति दहायत, सोनिया कश्यप, डॉ कृष्ण गोपाल सिंह, आरती वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# फर्स्ट स्टेप स्कूल में बच्चों के साथ मनाई दीवाली

## बच्चों ने बनाई रंगोली, सुंदर नृत्य की प्रस्तुति

कटनी, यशभारत। फर्स्ट स्टेप स्कूल संत नगर सावरकर वार्ड में शिक्षकों और बच्चों ने मिलकर दिवाली मनाई। जिसमें सभी बच्चे ट्रेडिशनल लुक में आए। बच्चों ने अपने हाथों से बनी सुंदर-सुंदर कला आकृतियां से स्कूल को सजाया। सुंदर सुंदर रंगोली बनाई। सभी बच्चों ने मिलकर लक्ष्मी माता की पूजा अर्चना की प्रसाद वितरण किया। सुंदर-सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। प्रिंसिपल नीतू लालवानी ने सभी बच्चों को दिवाली के महत्व को समझाया। कि हम दिवाली क्यों मनाते हैं।ओर बताया की हमे बम पटाखों बड़ी सावधानी से फोड़ने चाहिए। तथा दिवाली के कामों में हमें अपने बड़ों की मदद करनी चाहिए।

### गर्ल्स कॉलेज में बने वोटर आइडी कार्ड

कटनी, यशभारत। गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत प्राचार्य डॉ के मार्गदर्शन में निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा छात्राओं के वोटर आईडी कार्ड बनाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 19 अक्टूबर को नगर निगम से सुभाष चौक होते हुए शासकीय कन्या महाविद्यालय तक सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए रैली का भी आयोजन किया गया।

कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow
From 14th October 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

पश्चिम मध्य रेल
निविदा सूचना
पश्चिम मध्य रेल के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा जारी की गई निविदाओं के लिए कृपया http://ireps.gov.in वेबसाइट पर देखें। (1) निविदा सं.: WCRTP2022491, दिनांक: 19.10.2022 संक्षिप्त विवरण: 1 इन 12 टर्न-आउट स्लीपर, आर.डी.एस.ओ. ड्राइंग न. टी-4218, के निर्माण एवं आपूर्ति हेतु. आई.आर.एस.स्पेसिफिकेशन टी-45 चौथा शुद्धि पत्र अगस्त-2018) (नए परिवर्तन के साथ) के निर्माण एवं आपूर्ति हेतु. निविदा मूल्य: ₹ 9,06,20,215/- अर्नेस्ट मनी: ₹ 18,12,410/- निविदा खुलने की तारीख: 21.11.2022, सुबह 11.30 बजे।
उप मुख्य इंजीनियर/रेलपथ आपूर्ति
प.म.रे., जबलपुर
वैक्सीन अवश्य लगवाएं,
जीवन के हर सफर को सुरक्षित बनाएं!

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति, 22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक



Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज-शाखा) कटनी, मध्यप्रदेश

E-mail ID :- modgmkat@mp.gov.in

क्रमांक /खनिज/3उप0/ 2022, 2355 //सूचना// कटनी, दिनांक 18-10-2022

( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क)

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री रिंकू केशवानी, हाऊस नंबर-54, वार्ड नंबर-6,चोपड़ा मोहल्ला, सिहोरा, जिला-जबलपुर (म0प्र0) के द्वारा म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 07.10.2022 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा ( हे0 में) | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कटनी | ढीमरखेड़ा | पिपरिया (पिपरियाचांद) | 445 | 1.620 | अन्य भूमिस्वामी की भूमि | डोलोमाईट | |
| | | | 438/1 | 0.290 | | | |
| | | | 438/2 | 0.290 | | | |
| | | | 438/3 | 0.290 | | | |
| | | | 437 | 0.360 | | | |
| | | | 436/1 | 0.200 | | | |
| | | | 436/2 | 0.190 | | | |
| | | | योग- | 3.240 हे0 | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला कटनी में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुये लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नही किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला-कटनी म.प्र.

G-18448/22

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (म0प्र0)

पत्र क्रमांक 2328/खनिज/2022 कटनी, दिनांक 17-10-2022

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स/श्री/ज.एम.डी. मिनरल्स प्रा0 अद्याशरण पाण्डेय आत्मज श्री धरनीधर पाण्डेय निवासी ग्राम पहाड़ी पोस्ट निवार जिला कटनी (म0प्र0) (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आवेदन पत्र दिनांक 30.09.2022 को प्रस्तुत किया गया है। सूचना प्रकाशन की तिथि स 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किय जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | मुड़वारा | धपई | 499 | 4.00 | शासकीय भूमि | मुरूम | |
| | | | कुल रकबा | 4.00 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करनें हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

G-18520/22

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला कटनी

## मुफ्त रेवड़ी पर पीएम मोदी का बड़ा बयान

# कहा- लोगों ने इससे देश को मुक्त होने का लिया संकल्प

**भोपाल,यशभारत। रेवड़ी कल्चर पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, देश को रेवड़ी संस्कृति से मुक्त करने का संकल्प लिया है। मध्यप्रदेश में पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के 4.5 लाख से अधिक लाभार्थियों के गृह प्रवेश में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए शिरकत करते हुए प्रधानमंत्री ने यह बयान दिया है।**

पीएम मोदी ने पीएम आवास योजना पर कहा, करदाताओं को यह देखकर खुशी होगी कि उनका पैसा गरीबों पर खर्च किया जा रहा है। जब मैं चार लाख घर दे रहा हूं, तो हर करदाता सोचता होगा कि मध्यप्रदेश का कोई गरीब व्यक्ति भी मेरे अलावा नए घर की वजह से दिवाली मना रहा है। लेकिन जब वही करदाता देखता है कि मुफ्त रेवड़ी (मुफ्त) हो रही है। अपने से एकत्र किए गए पैसे से बांटने पर वह निराश हो जाता है। आज बहुत सारे करदाता मुझे पत्र लिख रहे हैं। मुझे खुशी है कि देश के एक बड़े वर्ग ने देश को रेवड़ी संस्कृति से मुक्त करने का संकल्प लिया है। पीएम मोदी ने कहा, रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत खतरनाक है। प्रधानमंत्री ने आगे जोर देकर कहा, लाभार्थियों को जो नए घर आवंटित किए गए थे, वे गरीबी नहीं बढ़ने देंगे और थोड़ी सी गरीबी भी दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा, आपको जो घर मिला है, वह न केवल रहने, खाने और सोने की जगह है। बल्कि यह एक ऐसा किला है, जो गरीबी को नहीं घुसने देगा और बाकी गरीबी को भी दूर करेगा।



**धनतेरस पर मोदी ने मध्यप्रदेश के 4.51 लाख परिवारों को कराया गृह प्रवेश, 2024 तक सबको पक्के मकान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिमोट का बटन दबाकर मध्यप्रदेश के साढ़े चार लाख से अधिक हितग्राही परिवारों को उनके नवनिर्मित आवासों में गृह प्रवेश कराया। इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वादा किया कि मध्यप्रदेश में 2024 तक कोई गरीब कच्ची झोपड़ी में नहीं रहेगा। सबके पक्के मकान बनाकर दिए जाएंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि सतना बाण सागर ग्रामीण जल प्रदाय योजना के प्रथम चरण में 1133 करोड़ रुपये की लागत से 988 गांवों में नल से हर घर जल पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही 2,153 करोड़ रुपये की लागत कीसतना बाणसागर-2 जल समूह योजना भी स्वीकृत की गई है। सतना के गांव और शहरों के विकास में प्रदेश सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी को सदानीरा बनाए रखने के लिए 250 करोड़ रुपये की गौरी सागर परियोजना स्वीकृत हुई है। विज्ञापन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का हम पर विशेष स्नेह है। जब वे उज्जैन आए थे तो उन्होंने इस भव्य, दिव्य, अलौकिक स्थान को देखकर विचार व्यक्त किया था कि महाकाल महालोक बहुत अद्भुत है। उनकी भावनाओं के अनुरूप अब नवनिर्मित परिसर श्री महाकाल महालोक ही कहलाएगा।



# धनतेरस पर बाजारों में बरसा धन

**भोपाल, यशभारत।** धनतेरस पर राजधानी के बाजारों में उल्लास बरस रहा है। इस बार दुर्लभ संयोग में धनतेरस दो दिन मनाई जा रही है। एक अनुमान के मुताबिक राजधानी में सराफा, बर्तन, वस्त्र, आटोमोबाइल समेत विभिन्न सेक्टर के बाजारों में कुल मिलाकर पहले दिन 350 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। धनतेरस के दूसरे दिन व्यवसायियों द्वारा 200 करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। सुबह से ग्राहकों की भीड़ देखने को बाजारों में मिलेगी। विशेष रूप से बर्तन, सराफा, आटोमोबाइल सेक्टर जमकर कारोबार होगा। ऐसे समय में जब त्योहार दो दिन मना रहे हैं तो धनतेरस के दूसरे दिन भी हर सेक्टर का बाजार चहकने को तैयार है, तब महामुहूर्त का बनना चार चांद लगाने वाला है। उसी लिहाज से बाजार रविवार को भी चमकने को तैयार हैं। इसके लिए जोरदार तैयारियां हर सेक्टर में की गई हैं। ऐसा संयोग बहुत कम होने से एक दिन पहले से दुकानों पर तोरण से सजे स्वागत द्वार ग्राहकों का अभिनंदन करते हुए नजर आ रहे हैं। ग्राहकों में भी पहले से दोगुना उत्साह है, इसलिए बाजारों में दूसरे दिन भी धनवर्षा होगी। बर्तन, सराफा, आटोमोबाइल सेक्टर में बूम रहेगी। सुबह से देर रात तक महंगे और बड़े साइज के आइटम खरीदारी के लिए रविवार को रौनक रहेगी। पंडित राजीव चतुर्वेदी के अनुसार सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग का साथ होना धनतेरस पर विशेष है। वहीं दोनों दिन शाम के समय प्रदोष व्यापिनी का संयोग विशेष फलदायी है, जो कभी-कभार ही बनता है। धनतेरस पर भंगराज योग भी बन रहा है। यानी कि शनिवार को शाम 4ः19 मिनट होते ही त्रयोदशी तिथि प्रारंभ हुई जिसे धनतेरस के रूप में मनाने की मान्यताएं हैं। खास यह है कि लगातार दूसरे दिन रविवार को शाम तक यह तिथि रहेगी।

**दूसरे दिन आज भी कर सकेंगे मंगल खरीदारी**



## मार्केट से लेकर पुराने शहर के बाजार भी रोशनी से नहाए

**भोपाल, ईएमएस।** दिवाली की रोशनी से राजधानी दमक उठी है। खुशियों का उजियारा चारों तरफ फैल गया है। पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत धनतेरस से हो गई। लोगों ने जहां घर-दुकानों पर आकर्षक रोशनी की तो रात में पूजा-अर्चना भी हुई। न्यू मार्केट, 10 नंबर मार्केट से लेकर पुराने शहर के बाजार भी रोशनी से नहाए हुए हैं। डीबी मॉल भी अगल ही छटा बिखेर रहा है। स ?कें, बिल्डिंग सब जगमगा उठी हैं, तो बाजारों में भी खूब रोशन है। 300 से 400 फीट की ऊंचाई से ड्रोन वीडियो से आकर्षक नजारा दिखाई दे रहा है। धनतेरस पर रिकॉर्ड कारोबार हुआ। फोर व्हीलर, टू-व्हीलर, ज्वैलरी, इलेक्ट्रॉनिक आयटम से लेकर वह सबकुछ बिका, जो घर की जरूरत है। लोगों ने पूजा-पाठ की सामग्री से लेकर घर में जरूरत का सामान जैसे फर्नीचर, बर्तन भी खूब खरीदे। कप ?ा, ज्वेलर्स शॉप पर भी ग्राहकों की भी ? रही। पूरे दिन बाजार गुलजार रहे। धनतेरस के बाद अगले दो दिन यानी रविवार और सोमवार को भी अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

### ये ब ?ी वजह, जिससे दिवाली की खुशियां आई

पिछले दो साल से दिवाली पर्व फीका रहा था। पिछले साल सरकार ने दिवाली से पहले कर्मचारियों को 200 करो ? रुपए का डीए, इंक्रीमेंट, बोनस और सैलरी दी थी, लेकिन इस बार डीए पहले ही मिल चुका है। वहीं, सैलरी भी एडवांस दी गई तो बोनस भी मिला। दूसरी ओर, मंडियों में सोयाबीन की नई फसल भी आ गई है। इससे किसानों के चेहरे भी खिले हुए हैं। इसके चलते बाजारों में दिवाली की खुशियां छाई हुई है।

### मंदिर भी नहाए

दिवाली के चलते मंदिरों पर भी आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। इसके चलते मंदिर भी रौशनी से नहा रहे हैं। बि ?ला मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है तो न्यू मार्केट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर, कर्फ्यू वाली माता समेत अन्य मंदिरों पर भी रौशनी की गई है। इसके अलावा पुराने शहर के बाजार हो या न्यू मार्केट, 10 नंबर मार्केट, बिट् ?टन मार्केट, कोलार आदि बाजार। घरों से लेकर दुकानें तक रोशनी से नहा रहे हैं।

## दिवाली पर घर वापसी महंगी

# 3 साल बाद, भोपाल आने वाली फ्लाइट्स 90 प्रतिशत फुल, किराया भी 260 प्रश तक ज्यादा

**भोपाल, एजेंसी।** बेंगलुरू में नौकरी कर रहे राजधानी के प्रोफेशनल्स के लिए दिवाली पर घर आना काफी महंगा पड़ रहा है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से एयरलाइन कंपनियों के लिए अधिकतम किराए पर कोई बंदिश न होने से 20 अक्टूबर को बेंगलुरू-भोपाल फ्लाइट का किराया 31 हजार तक पहुंच गया था। परेशान प्रोफेशनल्स डॉयरेक्ट की जगह मुंबई-दिल्ली और हैदराबाद होकर 1 स्टॉप फ्लाइट का विकल्प तलाश रहे हैं। इस विकल्प में न केवल समय जाया हो रहा है, बल्कि किराए में ज्यादा रियायत मिलती नहीं दिखती। क्योंकि दिल्ली, मुंबई और हैदराबाद से भोपाल आने वाली फ्लाइट के किराए भी आसमान छू रहे हैं। भोपाल एयरपोर्ट के डॉयरेक्टर रामजी अवस्थी 3 साल बाद यह पहला मौका है, जब भोपाल आने वाली फ्लाइट्स 90त्न तक फुल हैं। बेंगलुरू समेत अन्य रूट का किराया फेस्टिवल सीजन होने के कारण काफी ब ?ा हुआ है। सामान्यतः इस हवाई मार्ग का किराया 6 से 10 हजार रुपए के बीच ही रहता है। इसके अलावा सामान्य दिनों में मुंबई का किराया 4 से 5 हजार रहता है। यह शनिवार को 18 हजार के पार था। यानी 260 फीसदी ज्यादा। वहीं सामान्य दिनों में दिल्ली का 5 से 6 हजार किराया रहता है। शनिवार को यह 13 हजार से ज्यादा रहा। यानी फेस्टिवल सीजन में यात्रियों को राहत नहीं है।राजधानी से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए लंबा और सफल कैंपेन चलाने वाली सपोर्ट भोपाल फॉर एयर कनेक्टिविटी (एसबीएफएसी) संस्थापक प्राची बलुआपुरी कहती हैं, उनके पास बेंगलुरू में रह रहे आईटी प्रोफेशनल्स के ढेरों मैसेज आ रहे हैं। सबका एक कहना है कि त्योहारों की तो छो ?ए सामान्य दिनों में भी बेंगलुरू फ्लाइट में जगह नहीं मिलती। वजह यह है कि बेंगलुरू से भोपाल और इंदौर के लिए एयर ट्रैफिक लगभग बराबर है। लेकिन भोपाल से सिर्फ एक फ्लाइट है और इंदौर से तीन। नतीजतन बेंगलुरू से भोपाल जाने के लिए लोगों को 4 से 8 हजार तक ज्यादा किराया देना पड़ रहा है। जबलपुर व ग्वालियर से हफ्ते में 2 से तीन फ्लाइट ही हैं। इन दोनों शहरों के लिए बेंगलुरू का किराया कम है। कोलार रोड में रहने वाले प्रतीक श्रीखांडे बेंगलुरू में एक कंपनी में पदस्थ हैं।

## देश को अभी जनसंख्या नियंत्रण कानून की जरूरत नहीं, पहले अध्ययन करना होगा

**भोपाल ,यशभारत।** भोपाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सरकार को सलाह दी है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने से पहले कुछ मुद्दों पर विचार करना चाहिए। संघ के मध्य भारत प्रांत के संघ चालक अशोक पांडेय ने कहा, साल 2025 तक मध्यप्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में संघ की शाखाएं लगाने का काम शुरू हो जाएगा। इसको लेकर संघ ने योजना तैयार कर ली है। संघ स्वावलंबन और पर्यावरण पर भी काम करेगा। तीन साल के लिए 240 विस्तारक संघ अलग-अलग स्थानों पर भेजेगा। संघ की प्रयागराज में हुई बैठक की जानकारी देते हुए अशोक पांडे ने कहा, घुसपैठ, धर्मांतरण और रोहिंग्या मुसलमान के कारण देश में मुसलमानों की संख्या बढ़ रही है। इसलिए सरकार ऐसी जनसंख्या नीति बनाए, जो सभी धर्मों और समाज के सभी वर्गों पर समान रूप से लागू हो। इसको लेकर उन्होंने पिछले दशकों में तेजी से बढ़ी मुलसमानों की आबादी को लेकर आंकड़े भी पेश किए। मार्च में संघ की प्रतिनिधि सभा में इसको लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। संघ के सौ साल पूरे होने पर सभी जगहों पर शताब्दी विस्तारक निकलेंगे। देश के प्रांतों के साथ मध्यप्रदेश में भी शताब्दी विस्तारक निकलेंगे।

## एआईएमआईएम नेता पार्टी में शामिल होने वाले नए सदस्यों को भोपाल में दे रहे बिरयानी की दावत

**भोपाल,ईएमएस।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के एक नेता मध्य प्रदेश के भोपाल के नरेला विधानसभा क्षेत्र में पार्टी में शामिल होने वाले नए सदस्यों को बिरयानी और नाश्ता खिला रहे हैं। असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम ने मध्य प्रदेश में हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनाव में पहली बार अपने प्रत्याशी खड़े कर सात पार्षद सीटों पर जीत दर्ज कर प्रदेश में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। एआईएमआईएम नेता पीरजादा तौकीर निजामी ने बताया, च्हम उन लोगों का स्वागत कर रहे हैं जिन्हें अपनी पार्टियों में उचित सम्मान नहीं मिला, चाहे वह भाजपा हो या कांग्रेस।ज् उन्होंने कहा, च्जब वे हमारी पार्टी में शामिल होने के लिए हमारे कार्यालय आते हैं, तो सम्मान स्वरूप हम उन्हें बिरयानी या नाश्ता खिलाते हैं।ज् उन्होंने कहा कि पार्टी में आये नए सदस्यों को मालाएं पहनाई जाती हैं और उनकी धार्मिक प्रथाओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें भोजन दिया जाता है।

निजामी ने बताया, च्उन्हें यह महसूस होना चाहिए कि वे सही जगह पर आए हैं। मैं उनकी समस्याएं सुनता हूं और उन्हें सुलझाने का प्रयास करता हूं।ज् एआईएमआईएम नेता ने दावा किया कि वर्तमान में चल रहे अभियान में अब तक 20,000 से अधिक लोग उनकी पार्टी में शामिल हो चुके हैं और दिवाली के बाद भोपाल के अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी पार्टी इस तरह का कदम उठाएगी। उन्होंने कहा, च्हमने हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान नरेला में पार्टी अध्यक्ष ओवैसी की एक जनसभा का आयोजन की थी ।

## दीपावली पर आतिशबाजी करें संभलकर आंखों की सुरक्षा के लिए करें यह काम

**भोपाल,यशभारत।** दीपावली का पर्व हो और बच्चों के साथ बड़े भी पटाखे या आतिशबाजी न चलाएं, ऐसा हो नहीं सकता। घर-घर में लोग आतिशबाजी की तैयारियां कर रहे हैं। जमकर पटाखे खरीदे जा रहे हैं। लेकिन यह ध्यान रहे कि आतिशबाजी या पटाखों से दुर्घटना का भी भय रहता है। पटाखे सावधानी से जलाएं, ताकि आंखें सुरक्षित रहें। हो सके तो सुरक्षा की दृष्टि से चश्मा लगाकर आतिशबाजी करें। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स ने आतिशबाजी के दौरान जरूरी सावधानी रखने के उपाय एवं अपील जारी की है। एम्स के नेत्र चिकित्सा विभाग ने कहा है कि बच्चे किसी व्यस्क की मौजूदगी में ही पटाखे जलाएं। खुली जगह में ही पटाखे जलाएं, ताकि आप आतिशबाजी से निकलने वाली चिंगारियों से सुरक्षित रूप से दूर रह सकें। पटाखे जलाने के बाद अपनी आंखों को नहीं रगड़ें। पटाखों को आग लगाने के बाद तुरंत दूर चले जाएं। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पानी से भरी बाल्टी पास में रखें। आतिशबाजी के बाद हाथों को अच्छी तरह धो लें।



### चोट लगने की स्थिति में यह करें

यदि सावधानी के बावजूद चोट लगती है तो सबसे पहले आंख को आइ शील्ड से कवर करें। कपड़ा न बांधें। आंखों में रासायनिक पदार्थ जाने की स्थिति में आंखों को साफ पानी से धोएं। यांत्रिक चोट लगने पर आंखों को नहीं धोऐं। आंखों में चोट लगने पर तुरंत डाक्टर की मदद लें, क्योंकि यह दृष्टि का मामला है। आंखों को हाथों से न रगड़े। इससे चोट बढ़ सकती है।

# मध्यप्रदेश के एक गांव की अनोखी परंपरा

**भोपाल, ईएमएस।** देशभर में दीपावली की त्यौहार बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस पर्व से जुड़ी कई परंपराएं और मान्यताएं आज भी जारी हैं। ऐसी ही एक अनोखी परंपरा मध्यप्रदेश के रतलाम जिले के कनेरी गांव की है। यहां दीपावली पर गुर्जर समाज के लोग तीन दिनों तक ब्राह्मणों का चेहरा नहीं देखते। रतलाम के कनेरी गांव में ये परंपरा बीते कई वर्षों से जारी है। यहां रहने वाले गुर्जर समाज के लोग आज भी इस परंपरा को अपने पूर्वजों की तरह मना रहे हैं। परंपरा के तहत दीवाली के दिन गुर्जर समाज के लोग कनेरी नदी के पास एकत्रित होते हैं और फिर एक कतार में खड़े होकर एक लंबी बेर को हाथ में लेकर उस बेर को पानी में बहाते हैं, फिर उसकी विशेष पूजा करते हैं। पूजा के बाद समाज के सभी लोग मिलकर घर से लाया हुआ खाना खाते हैं और पूर्वजों द्वारा शुरू की गई परंपरा का पालन करते हैं। दीपोत्सव के पांच दिन में से तीन दिन रूप चौदस, दीवाली और पड़वी के दिन गुर्जर समाज के लोग ब्राह्मणों का चेहरा नहीं देखते।इस परंपरा के बारे में गुर्जर समाज के लोगों का कहना है कि उनके पूर्वजों ने यह परंपरा शुरू की थी, जिसे समाज के लोग लंबे समय से निभाते आ रहे हैं। गुर्जर समाज के लिए दिवाली का दिन सबसे खास होता है। लोग नदी के किनारे बेर पकड़कर पितृ पूजा करते हैं और एकजुट रहने का संकल्प लेते हैं।

**दीवाली पर तीन दिन तक ब्राह्मणों का चेहरा नहीं देखते लोग**

गुर्जर समाज के अनुसार कई वर्षों पहले समाज के आराध्य भगवान देवनारायण की माता ने ब्राह्मणों को श्राप दिया था। जिसके मुताबिक दिवाली के 3 दिन रूप चौदस, दीपावली और पड़वी तक कोई भी ब्राह्मण गुर्जर समाज के सामने नहीं आ सकता है। वहीं गुर्जर समाज के भी लोग इन तीन दिनों में किसी भी ब्राह्मण का चेहरा नहीं देख सकते हैं। उसी समय से लेकर आज तक गुर्जर समाज दिवाली पर विशेष पूजा करता है। इस दिन कोई भी ब्राह्मण गुर्जर समाज के सामने नहीं आता और ना ही कोई ब्राह्मणों के सामने जाता है।

## दिवाली पर आसमान साफ रहेगा

भोपाल, एजेंसी। करीब दो साल बाद दीवाली में घरों से लेकर मार्केट तक में जमकर रंगत लौट आई है। मौसम भी इस बार जमकर मेहरबान है। पहले अच्छी बारिश ने लोगों को खुशियां देने का मौका दिया तो इस बार दीवाली पर मध्यप्रदेश में आसमान पूरी तरह साफ रहेगा। बारिश होने के आसार नहीं होने से भी दिवाली पर लोग आतिशबाजी का भी आनंद ले सकते हैं। मौसम विभाग ने अगले दो दिन तक प्रदेश भर में हल्की ठंडक रहने की संभावना जताई है। इतना ही नहीं इस दौरान कहीं भी बारिश की कोई संभावना नहीं है। दो दिन बाद तापमान में हल्की बढ़ोतरी देखने को मिल सकते हैं। मध्यप्रदेश में 14 अक्टूबर को मानसून की विदाई हो गई थी। यह बीते 13 साल में तीसरी सबसे लेट विदाई रही। अब एक नया सिस्टम बंगाल की खा ?ी में बन रहा है। इससे दक्षिण और पूर्वी भारत के कई इलाकों में अच्छी बारिश की संभावना है।

# हिमालय में बर्फ गिरने से मध्यप्रदेश में बढ़ेगी ठंड





मध्यप्रदेश में इससे बारिश तो नहीं होगी, लेकिन तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है।

### महीने के अंत में ठंड बढ़ सकती है

मध्यप्रदेश में अभी सुबह और शाम के समय हल्की ठंड होने लगी है। हालांकि अभी तक वैज्ञानिक इसे ठंड नहीं मान रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से ठंड शुरू हो सकती है। अभी हवाएं नॉर्थ वेस्टर्नली चल रहीं हैं। अगर हिमालय में अगले चौबीस घंटे में बफबारी होती है, और हवाएं नॉर्थली हो जाती हैं, तो मध्यप्रदेश में ठंडक हो सकती है। हालांकि अभी इसकी ज्यादा संभावना नहीं है।

### दिन के तापमान सामान्य रात का पारा गिरा

मध्यप्रदेश में इस समय रात में अपेक्षाकृत हल्की ठंडक हो गई है, लेकिन दिन का तापमान सामान्य बना हुआ है। अधिकतम तापमान 20 से लेकर 34 डिग्री के बीच चल रहे हैं, जबकि रात का पारा 20 डिग्री के नीचे आ चुके हैं। प्रदेश में दिन का पारा सबसे ज्यादा 34 डिग्री दमोह में रिकार्ड किया गया, जबकि सबसे कम पचम ?ी में 26 डिग्री रहा। अधिकांश इलाकों में इलाकों में 30 डिग्री के आसपास रहा। रात का पारा सबसे ज्यादा सिवनी में 21 डिग्री रहा, जबकि पचम ?ी में यह 12 तक पहुंच गया है। भोपाल में 15 से 16 डिग्री और इंदौर में यह 18 डिग्री के ऊपर चल रहा है। ग्वलियर और जबलपुर में भी यह 16 से 17 डिग्री के बीच चल रहा है।

# हितग्राहियों के चेहरे पर खिली मुस्कान अपने पक्के घर की सौगात पाकर छाई खुशहाली




**कटनी, यशभारत।** प्रधानमंत्री आवास योजना ;ग्रामीणद्ध के अंतर्गत जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर जिले की सभी जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतो में गृह प्रवेशम कार्यक्रम हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने भी भागीदारी की। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण गृह प्रवेश के दौरान मुख्यमंत्री, सतना कार्यक्रम में शामिल हुए एवं हितग्राहियों को गृह प्रवेश करायाए वहीं प्रधानमंत्री ने वर्चुअली जुड़कर आवास हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में सभी जनपदों में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण हितग्राहियों ने अपने घर बंदनवारए फूलों और रंगोली से सजाए थे। इसके बाद विधि विधान से पूजा अर्चना कर हितग्राहियों ने गृह प्रवेश किया। अपना पक्का घर पाकर हितग्राहियों के चेहरे पर खिली हुई मुस्कान उनकी खुशी जाहिर कर रही थी। हितग्राहियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की कृपा एवं मदद से पक्की छत नसीब हुई है। शासकीय योजना के सहयोग से हमारे पक्के मकान का सपना आज पूरा हुआ है है। इसके लिए हम सभी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में संपन्न हुए ग्रह प्रवेशम कार्यक्रम

ग्रामीण क्षेत्रों में गृह प्रवेश के दौरान जनपद क्षेत्र बहोरीबंद की ग्राम पंचायत बरही में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा ने कार्यक्रम में शामिल होकर हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया एवम हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास ग्रह प्रवेशएम के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्य स्तरीय कार्यक्रम सतना का सीधा प्रसारण भी ग्राम पंचायतों में देखा और सुना गया।



# कटाएघाट में दीपदान 25 को

### निगमायुक्त ने दिए व्यवस्थाओं के निर्देश

**कटनी, यशभारत।** श्री राम सेवा समिति कटनी द्वारा 25 अक्टूबर दिन मंगलवार को कटायेघाट स्थल पर सायंकाल 06 बजे से रात्रि 08 बजे के मध्य दीपदान का आयोजन किया जाना निर्धारित है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आयोजित कार्यक्रम में निगम की आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने के निर्देश प्रदान किए गए है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपदान आयोजन के अवसर पर नगर पालिक निगम से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण करानें हेतु आदेश जारी कर विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व प्रदान किये जाकर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। जारी आदेशानुसार कटायेघाट नदी स्थल, पहुंच मार्ग की साफ सफाई, चूने की लाइनिंग, कीटनाशक दवा का छिड़काव कराने, कटाये घाट नदी स्थल एवं आसपास दीपदान हेतु अतिरिक्त प्रकाश की व्यवस्था सहित कटाये घाट स्थल पर शुद्ध पेयजल हेतु पानी के टेंकर-टोंटी सहित व्यस्थाएं कराने के निर्देश दिए गए है।

# स्लीमनाबाद को बिजली कटौती से जल्द मिलेगी राहत

### विद्युत वितरण केंद्र में लगाया जा रहा 315 केवी ट्रांसफार्मर

कटनी, यशभारत। जिले की स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय को अब निर्बाध बिजली मुहैया होगी। बिजली की बार-बार ट्रिपिंग व अघोषित कटौती से स्लीमनाबाद के लोगों को जल्द ही छुटकारा मिलेगा। स्लीमनाबाद तहसील को बिजली की इस समस्या से निजात दिलाने विद्युत विभाग के द्वारा स्लीमनाबाद विद्युत सब स्टेशन में 315 केवी ट्रांसफार्मर स्थापित किया जा रहा है। 315 केवी ट्रांसफार्मर को स्थापित करने का कार्य चल रहा है, जो अगले कुछ दो दिनों में पूरा हो जाएगा। कनिष्ठ अभियंता सुबोध सिंह ने बताया कि बिजली की कटौती व ट्रिपिंग की समस्या से ग्रामीण अंचल के साथ स्लीमनाबाद नगर भी प्रभावित होता था, जिससे नगरवासी परेशान होते थे। 315 केवी ट्रांसफार्मर स्थापित हो जाने के बाद भी अगर बिजली की ट्रिपिंग व कटौती होती है तो सिर्फ ग्रामीण अंचल प्रभावित होगा। स्लीमनाबाद नगर ज्यादा प्रभावित नहीं होगा। विद्युत वितरण केंद्र स्लीमनाबाद में पदस्थ लाइनमैन अब ड्यूटी के दौरान गणवेश में नजर आएंगे। यहां पदस्थ लाइनमैन खाकी रंग की ड्रेस पहनेंगे साथ ही नेम प्लेट भी लगाई जाएगी। कनिष्ठ अभियंता सुबोध सिंह ने लाइनमैन जब ड्यूटी के दौरान होते हैं तो उनके साथ यह देखा गया है कि लोगों के द्वारा अभद्रता की जाती है व मारपीट भी कभी कभार हो जाती है, इसलिए लाइनमैन की पहचान के लिए यह ड्रेस का निर्णय लिया गया है। खाकी रंग की ड्रेस के साथ नेमप्लेट भी लगाई जाएगी, जिससे लाइनमैन की पहचान हो सकेगी। उपभोक्ता भी कर्मचारी को पहचान सकेंगे जिससे वाद-विवाद की स्थिति निर्मित नहीं होगी।



### कलेक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा

# जनउत्सव के रूप में मनेगा मध्यप्रदेश का 67 वां स्थापना दिवस

**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर जिले में विभिन्न गतिविधियों को आयोजन किया जायेगा। आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की तैयारियों को लेकर कलेक्टर सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले में मध्यप्रदेश का 67वां स्थापना दिवस जन-उत्सव के रूप में मनाने के निर्देश दिए हैं कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश दिया है कि स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति-पत्र तथा अन्य लाभ वितरण के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने जारी निर्देश में कहा है कि स्थापना दिवस पर कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक नवम्बर को ज़िले में जन अभियान परिषद के सहयोग से प्रभात फेरियाँ निकाली जायेंगी। दोपहर को मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान के तहत स्वीकृति-पत्र और अन्य लाभों के वितरण का कार्यक्रम होगा । इस क्रम में दो नवम्बर को लाड़ली लक्ष्मी योजना की लाड़लियों और उनके माता-पिता का सम्मेलन होगा ।तीन नवम्बर को पूरे जिले में स्वच्छता गतिविधियाँ और महत्वपूर्ण स्थलों पर 67 दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इसी दिन से ग्रामीण खेल प्रतियोगिता और व्यंजन प्रतियोगिताएँ भी होंगी। चार नवम्बर को ष्एक जिला-एक उत्पाद पर गतिविधियाँ होंगी। साथ ही रोजगार मेला भी आयोजित किया जाएगा ।पाँच नवम्बर को प्रदेश के गौरव पर केंद्रित नाटक, लोक नृत्य और जननायकों पर प्रतियोगिताएँ होगीं। छह नवम्बर को वन्य प्राणी सुरक्षा, जल-संरक्षण, ऊर्जा की बचत और पर्यावरण पर केंद्रित गतिविधियाँ की जाएंगी। कार्यक्रमों की श्रंखला में सात नवम्बर को जिला मुख्यालय पर प्रतियोगिताओं और खेल गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसी दिन जिला मुख्यालय पर सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय परिवेश की सांस्कृतिक गतिविधियों को विशेष रूप से सम्मिलित किया जाएगा। ग्राम स्तर पर हुई प्रतियोगिताओं के पुरस्कार ग्राम स्तर पर ही वितरित किए जाएंगे। मध्यप्रदेश गान के प्रति लगाव और सम्मान के उद्देश्य से भी गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी।कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने विभाग से संबंधित आयोजन व गतिविधियों को आपसी समन्वय से किया जाना सुनिश्चित करें।

### हम सबका एक ही नारा प्लास्टिक मुक्त देश हमारा

# बरही नगर में रैली एवं श्रमदान से दिया स्वच्छता का संदेश




**कटनी, यशभारत।** शासकीय महाविद्यालय बरही मे आजादी के अमृत महोत्सव के अतंर्गत प्राचार्य डॉ. आर. के. वर्मा के मार्गदर्शन, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के निर्देशन में रा.से.यो. के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान 2.0 के विशेष मेगा स्वच्छता अभियान के तहत बरही नगर में संदीप कॉलोनी, विजराघवगढ़ रोड, मैहर रोड, फॉरेस्ट कॉलोनी, विजयधाम मंदिर एवं मेला ग्राउंड होते हुए 4 से 5 किलोमीटर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, इकाई 2 व 3 कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका तोमर, डॉ रश्मि त्रिपाठी के संयोजकत्व में स्वयंसेवकों ने हम सबका एक ही नारा, प्लास्टिक मुक्त देश हमारा पॉलिथीन के प्रयोग को अब तो छोड़ो, भारत के विकास से नाता जोड़ो प्लास्टिक बैग को कहे ना, कपड़ा बैग को कहे हां पाउच पन्नी पॉलिथीन, पर्यावरण के दुश्मन तीन एन.एस.एस. के युवाओं ने ठाना है पॉलिथीन से पर्यावरण को बचाना है आदि नारों से लोगों को जागरूक कर स्वच्छता के साथ रहने एवं अपने आस पास सभी को सफाई रखने प्रेरित किया

अनुरोध कर बताया कि सफाई से रहकर कई बीमारियो से हम अपना बचाव कर सकते हैं साथ ही स्वयंसेवकों ने रैली पथ संचलन के दौरान लगभग 90 से 100 किलो प्लास्टिक अपशिष्ट का संग्रह कर निस्तारण के लिए नगर परिषद बरही को सौंपकर जनता से पर्यावरण, कृषि भूमि, विभिन्न जल स्रोतों आदि को नुकसान पहुंचाने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान 2.0 में अपना सहयोग देकर उसे सफल बनाने की अपील की क्योंकि जब भारत के समस्त नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग देगें तभी नया भारत विकासशील से विकशित देशों की श्रेणी में आ पाएगा और भारत के विकास की गति तेज़ी से आगे बढ़ेगी, कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, डॉ. आर. जी. सिंह, श्रीमती सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. के. के. निगम, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ. मंजुलता साहू, श्रीमति अनीता सिंह, मनीष मिश्रा, पुष्पेंद्र तिवारी, रूपा शर्मा, मनोज चौधरी, ऋषभ परौहा, संतोषी तिवारी तथा स्टॉफके अन्य सदस्य एवं रासेयो स्वयंसेवक विक्रम जायसवाल, आशीष, जितेंद्र, प्रदीप, वर्षा, सपना, लक्ष्मी, रश्मी, दीप्ति, शिवम, धर्मेंद्र, शुभम, दीपांशु, राहुल, रागिनी, शैल कुमारी, कंचन, विनय, निगम, राधा, मंदाकिनी, द्रोपती, पुष्पा, महिमा, रूक्मणी, प्रिया, नीलम, शीतल, सानिया, उपासना, पूजा, सपना, ईशा, दीपांजलि, अनुज, ललन, अशोक, संतोष, पूजा, संगीता, सपना, सुलेखा, पूर्णिमा आदि उपस्थित रहे।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना

अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत


कचहरी चौक, कटनी

फोन:- 07622-230033

Email :- katni@yashbharat.com

### महापौर एवं निगमाध्यक्ष ने पार्षदों के साथ किया मेला स्थल का निरीक्षण

# 8 नवम्बर से आयोजित होगा कटाएघाट मेला



**कटनी, यशभारत।** आगामी दिनांक 08 नवंबर से आयोजित होने वाले श्री बजरंग कटाये घाट मेले का आयोजन व्यवस्थित एवं भव्य रूप से आयोजित करानें हेतु निगम प्रशासन द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। इसी श्रंखला में शनिवार प्रातः महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे एवं निगम के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कटाये घाट मेला स्थल, मंदिर परिसर तथा सुरम्य पार्क का निरीक्षण किया जाकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित जनों द्वारा मेले मे लगनें वाली दुकानों के लेआऊट स्थल, झूले एवं लगनें वाली अन्य दुकानों के स्थलों, मंच, दर्शक दीर्घा, वाहन स्टैंड स्थल सहित अन्य स्थलों का निर्धारण किया जाकर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था सहित आवश्यक समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सूरी द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से घाट पहुंच मार्ग में रैलिंग की व्यवस्था कराने, घाट के उस पार जानें हेतु प्रतिबंधात्मक उपाय किए जानें तथा नदी की सीढ़ियों के पास रस्सी लगाने के साथ ही घाट पर आकर्षक प्रकाश व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। मंदिर पहुंचकर प्रभु का आर्शीवाद प्राप्त कर मूर्ति स्थापना स्थल का जायजा लिया। मंच के निरीक्षण के दौरान निगमाध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा मंच के चारों ओर की झाडियों की सफाई कराते हुए बैठक व्यवस्था को व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा मेले के पूर्व कटाये घाट परिसर की रंगाई पुताई, चूनें की लाईनिंग, साफ सफाई, टैंकर के माध्यम से शुद्ध जल की व्यवस्था, आवश्यक प्रकाश व्यवस्था, बैठक एवं पंडाल व्यवस्था करानें के निर्देश दिए। उपस्थित जनों द्वारा सुरम्य पार्क का निरीक्षण किया जाकर पार्क के समस्त फाउंटेन, झरना आदि चालू स्थिति मे रखने तथा पार्क की अन्य समस्त व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश पार्क अधिकारी को दिए गए। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य श्रीमती बीना



संजू बैनर्जी, डॉ रमेश सोनी, अवकाश जायसवाल, सीमा श्रीवास्तव, शशिकांत तिवारी, सुभाष साहू, पूर्व पार्षद अनिरूद्ध नारायण सोनी, राजू माखीजा, समाजसेवी संजीव सूरी, राजू शर्मा, सनद परौहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रभारी कार्यपालन यंत्री के.पी.शर्मा, सहायक यंत्री सुनील सिंह, आदेश जैन, पवन श्रीवास्तव, अश्वनी पाण्डेय, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, नागेन्द्र पटेल सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# मीका सिंह और आकांक्षा पुरी की नहीं होगी शादी? बोलीं हमने कभी नहीं कहा कि..





**मुंबई ,एजेंसी।** सिंगर मीका सिंह और टीवी एक्ट्रेस आकांक्षा पुरी कुछ वक्त पहले स्वंयवर को लेकर खबरों में बने हुए थे। मीका ने स्वंयवर के आखिर में आकांक्षा को चुना था और इसके बाद से ही फैन्स दोनों की शादी का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि ये इंतजार 3 महीने से ज्यादा हो गया है लेकिन अभी तक कपल की ओर से इस बारे में कोई भी बात सामने नहीं आई है, हालांकि इस बीच आकांक्षा ने मीका को सिर्फ अपना दोस्त बताया है, जिससे फैन्स कंफ्यूज हो गए हैं।

## मीका ने आकांक्षा को था चुना

दरअसल 45 वर्षीय मीका के लिए टीवी पर एक स्वंयवर आयोजित किया गया था। शो में 12 कंटेस्टेंट्स थीं, और टॉप 3 में आकांक्षा पुरी, प्रांतिका दास और नीत महल पहुंची थीं। मीका ने आखिर में आकांक्षा को चुना था, जिन्हें वो पहले से ही जानते थे। स्वंयवर को खत्म हुए करीब 3 महीने हो गए हैं लेकिन शादी का कोई अपडेट नहीं आया है और इस बीच आकांक्षा ने मीका को सिर्फ अपना दोस्त बता दिया है, जिसके बाद फैन्स पूछ रहे हैं कि क्या इनकी शादी होगी या नहीं?

## दोस्त हैं वही रहेंगे

दरअसल हाल ही में टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए आकांक्षा ने मीका सिंह अपने रिश्ते पर कहा, हमने शो में बताया था कि हम कई सालों से दोस्त थे। हम वही बने रहेंगे। हम सिर्फ दोस्त हैं, कपल नहीं। हमने शो में एक-दूसरे को चुनने का फैसला किया, क्योंकि हम एक-दूसरे को लगभग एक दशक से जानते हैं। हमने कभी नहीं कहा कि हम प्यार में हैं। हम स्पष्ट थे कि हम एक जीवन साथी की तलाश में थे, लेकिन शो के बाद हमारे बीच कुछ भी नहीं बदला है और हम वही पुराने दोस्त हैं जो हम थे।

# न्यूजीलैंड ने डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को बड़े अंतर से हराया

## फिन एलन ने 262.50 के स्ट्राइक रेट से 42 रन बनाए, पावर प्ले में ही निकाल दी कंगारूओं की जान

**सिडनी, एजेंसी।** टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के सुपर-12 के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड ने डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 89 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। न्यूजीलैंड ने विकेटकीपर बल्लेबाज फिन एलन की 16 गेंद में 42 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत पावर प्ले में 1 विकेट के नुकसान पर 65 रन बनाए।




### स्टार्क को 14, कमिंस को 16 रन ठोके

न्यूजीलैंड के राइट हैंड बल्लेबाज एलन ने इनिंग की दूसरी ही बॉल पर तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को चौका जड़ कर शुरुआत में ही अपने इरादे को जाहिर कर दिया। इस ओवर में कुल 2 चौके और एक छक्का जड़ा। स्टार्क की एक ओवर में 14 रन के बाद तेज गेंदबाज पैट कमिंस के ओवर में भी 2 चौके और एक छक्के की मदद से 16 रन जोड़े। एलन ने अपनी विस्फोटक पारी में कुल 5 चौके और 3 छक्के जमाए।

### 262.50 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की

उन्होंने 262.50 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग करते हुए ओपनर कॉनवे के साथ महज 25 बॉल में 56 रन की पार्टनरशिप की। अब तक खेले 19 टी-20 इंटरनेशनल में एलन ने 166.99 के स्ट्राइक रेट 511 रन बनाए हैं। इसमें 2 फिफ्टी और 1 सेंचुरी शामिल है।

### फिन एलन का T20I करियर स्ट्राइक रेट 166.99 का है।

न्यूजीलैंड के फिन एलन को आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 80 लाख रुपए में खरीदा था। लेकिन, उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। ओवरऑल टी-20 क्रिकेट में वह 172.78 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हैं।

### ये भी रहे जीत के हीरो

एलन से मिली तेज शुरुआत के बाद डेवोन कॉनवे ने 58 गेंद में 92 रन और जेम्स नीशम के 13 गेंद में 26 रन की पारी खेली। इनकी बैटिंग के दम पर न्यूजीलैंड ने 200 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया।

### इंग्लैंड ने अफगानिस्तान को 5 विकेट से हराया

टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-12 राउंड के दूसरे मुकाबला इंग्लैंड ने 5 विकेट से जीत लिया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। अफगानिस्तान की टीम 19.4 ओवर में 112 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। इब्राहिम जदरान ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए लेफ्ट आर्म पेसर सैम करन ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। मार्क वुड और बेन स्टोक्स को 2-2 सफलता मिली है। एक विकेट क्रिस वोक्स के खाते में गया। अफगानिस्तान का स्कोर एक समय 5 विकेट पर 109 रन था। 3 रन बनाने में टीम के आखिरी 5 विकेट गिर गए। जवाब में इंग्लैंड ने 18.1 ओवर में पांच विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। लियाम लिविंगस्टन ने सबसे ज्यादा 21 बॉल में 29 रन बनाए। सैम करन प्लेयर ऑफ द मैच ।टठ

# विराट कोहली ने खोली पोल कप्तान रोहित शर्मा के साथ रिश्ते को लेकर खुलकर की बात

**नई दिल्ली, ईएमएस।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2022 में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होना है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर भारत और पाकिस्तान के बीच यह महामुकाबला होना है और दोनों ही टीमें इस मैच के साथ इस मेगा इवेंट में अपने सफर का आगाज करेंगी। भारत-पाकिस्तान मैच से पहले टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने रोहित शर्मा के साथ केमेस्ट्री पर खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि रोहित और उनका टीम इंडिया के लिए एक ही गोल है, दोनों की गेम को लेकर समझ भी एकजैसी है। विराट कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, हमारे बीच हमेशा यही बात होती है कि हम टीम इंडिया को कैसे बड़े टूर्नामेंट्स में जीत दिला सकते हैं और फिर हमारी प्लानिंग और तैयारी उसी डायरेक्शन में आगे बढ़ती है। जब से मैंने टीम में वापसी की है, तब से टीम का एन्वॉयरमेंट बहुत अच्छा है। जब टीम में ऐसा पॉजिटिव माहौल होता है, तो आप टीम के लिए वह सबकुछ करना चाहते हैं, जो भी आपके बस में होता है। विराट ने आगे कहा, तो गेम को लेकर हमारी समझ और अंडरस्टैंडिंग हमेशा एकजैसी रही है। हम हमेशा सभी कमियों को पूरा करने पर ध्यान देते हैं, इससे फर्क नहीं पड़ता कि बड़ी कमी है या फिर छोटी। हम इन कमियों को पूरा करके आगे बढ़ते हैं। हमारे बीच रिश्ते अच्छे हैं और हमारा एक ही गोल है। टीम में सभी रिलैक्स्ड हैं और उन्हें पता है कि वे कॉन्फिडेंट हैं और तैयार हैं। आप दबाव को किस तरह से हैंडल करते हैं बस इससे फर्क पड़ता है। इस तरह के समय में हम बड़े मैचों के लिए ग्रुप को लीड करते हैं। एक बार मूमेंटम सेट हो जाता है, तो सभी को पता होता है कि हम इस मुश्किल से पार पा लेंगे।

# हुमा कुरैशी ने चुना सोनाक्षी सिन्हा का पति बताया किस एक्टर से करवाना चाहेंगी शादी?



नई दिल्ली ,ईएमएस। बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी और सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म डबल एक्सएल ( Double XL ) को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म 4 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है और दोनों ही एक्ट्रेसेज इन दिनों जी-जान से डबल एक्सएल के प्रमोशन में लगी हुई हैं। लाइव हिंदुस्तान के साथ बातचीत में हुमा कुरैशी ने बताया कि वह सोनाक्षी सिन्हा की शादी किस एक्टर से करवाना चाहेंगी?

### पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में सोनाक्षी

सोनाक्षी सिन्हा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं। उनकी शादी और रिलेशनशिप को लेकर कई बार अफवाहें उड़ाई जा चुकी हैं जिनका एक्ट्रेस ने खुद आगे आकर खंडन किया है। लाइव हिंदुस्तान के साथ इंटरव्यू में हुमा कुरैशी ने अविनाश पाल के साथ बातचीत में बताया कि उन्हें अगर किसी एक्टर को सोनाक्षी सिन्हा का पति चुनना हो तो वह जैक ब्लैक को उनका पति चुनेगीं।

### यह एक्टर होना चाहिए सोनाक्षी का पति?

सोनाक्षी ने कहा कि उन्हें लगता है कि वह बहुत ज्यादा फनी हैं और पूरे दिन उन्हें हंसा सकते हैं। इस पर सोनाक्षी सिन्हा ने तुरंत जवाब दिया कि उन्हें पता था कि वह यही नाम लेंगी। बता दें कि हॉलीवुड एक्टर जैक ब्लैक जुमांजी, गलीवर ट्रैवल्स, किंग कॉन्ग और एन्वी जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। जैक ब्लैक की फैन फॉलोइंग बहुत ज्यादा है। वह एक कॉमेडियन एक्टर हैं और सोनाक्षी उन्हें बहुत पसंद करती हैं।

# गर्ल्स गैंग के साथ पार्टी करने निकलीं बेबो किलर लुक्स से हसीनाओं ने फैंस को बनाया दीवाना



**मुंबई, एजेंसी।** हर तरफ दीपावली की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बॉलीवुड में भी इस त्योहार की रौनक नजर आ रही है। तमाम सितारे प्रि-दिवाली सेलिब्रेशन का हिस्सा बन रहे हैं। कई दिनों से बी-टाउन की दिवाली पार्टी सुर्खियों में हैं। हाल ही में करीना कपूर खान भी अपने गर्ल्स गैंग के साथ दिवाली पार्टी करने निकलीं। करीना के साथ उनकी बहन करिश्मा कपूर, बेस्ट फ्रेंड अमृता अरोड़ा और एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा भी साथ नजर आईं। इस दौरान बेबो ब्लैक कलर के आउटफिट्स में किलर पोज देती नजर आईं। बाकी एक्ट्रेस ने भी अपने लुक्स से फैंस को दीवाना बना दिया।

### करीना ने जमाया रंग

करीना कपूर ब्लैक कलर के वनपीस में पार्टी के लिए निकलती नजर आई। इस पार्टी में एक्ट्रेस डीपनेक ब्लैक ड्रेस के साथ हाई हील्स पहनकर पहुंची। करीना कपूर का यह पार्टी लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। करीना ने खुद भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर की है, जो काफी पसंद की जा रही है। करीना को देखकर कहा जा सकता है कि वह दिवाली के मूड में आ चुकी हैं। करीना कपूर खान ने अपने इस लुक के साथ लंबे ईयरिंग पहने। जिसमें वो बेहद क्लासी नजर आई।

### मलाइका की अनोखी अदा

करीना कपूर के अलावा मलाइका का अंदाज भी बेहद जुदा लगा। वह नियोन कलर के शॉर्ट ड्रेस में पार्टी में शिरकत करती नजर आई। इसके साथ उन्होंने न्योन कलर की ही हाईहील वैली कैरी कीं। मलाइका की यह ड्रेस सोशल मीडिया पर चर्चा में छाई हुई है। दरअसल, इस ड्रेस में मलाइका का लुक काफी बोल्ड नजर आया। बता दें कि इससे पहले मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में भी मलाइका ब्लैक कलर की साड़ी में अपने लुक से खूब चर्चा में छाई।

### करिश्मा का अंदाज भी खूब जमा

करीना कपूर इस दिवाली पार्टी में बहन करिश्मा कपूर के साथ पहुंचीं। करीना जहां ब्लैक ड्रेस में कहर ढाती नजर आई तो करिश्मा कपूर ने ग्रीन कलर के आउटफिट में रौनक बिखेरी। इसके अलावा मलाइका की बहन और एक्ट्रेस अमृता अरोड़ा का लुकर भी जबरदस्त लगा। फरहान अख्तर और शिबानी भी आए नजर करीना कपूर के साथ पार्टी में फरहान अख्तर और शिबानी दांडेकर ने भी शिरकत की।

# जूनियर NTR से मिलकर इमोशनल हुईं फीमेल फैंस

नई दिल्ली,ईएमएस। साउथ के सुपरस्टार एक्टर जूनियर NTR का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह अपने विदेशी फैंस से मिलते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो जापान के टोक्यो का है। जूनियर NTR यहां पर अपनी फिल्म RRR का प्रमोशन करने पहुंचे हुए हैं। फिल्म RRR भारत में ब्लॉकबस्टर हिट रही है और अब इसे जापान में रिलीज किया जा रहा है। जूनियर ह्ञ्ज्रसे मिलकर फैंस भावुक होते दिखाई पड़े।

### जूनियर NTR से मिल इमोशनल हुईं फैंस

यहां पर NTR से मिलने पहुंचे उनके फैंस हाथों में हैंड मेड पेंटिंग्स और इसी तरह के अन्य तमाम तोहफे लेकर पहुंचे थे। फैंस ने NTR के ऑटोग्राफ लिए और उनसे मिलकर कुछ लड़कियां काफी इमोशनल हो गई। वीडियो में उन्हें आंसू पोंछते देखा जा सकता है। ह्ञ्ज्रप्रमोशन एक्टिविटी से समय निकालकर फैंस से मिलने पहुंचे थे।



### अब जापान में होगा RRR का जलवा

NTR ने तसल्ली से सभी फैंस को ऑटोग्राफ दिए और उनके दिए तोहफे स्वीकार किए। बता दें कि जूनियर NTR का कद फिल्म RRR के बाद पूरे भारत में बहुत ऊंचा हो चुका है। फिल्म में उन्होंने और राम चरण ने लीड रोल प्ले किया है। जूनियर NTR और राम चरण के अलावा इस फिल्म में अजय देवगन और आलिया भट्ट जैसे सितारे भी हैं।

# अभिनय में मैं भाषा पर नहीं, कंटेंट पर देती हूं ध्यान: सनी लियोन



**चेन्नई (ईएमएस)।** दो महीने के अंतराल में तीन अलग-अलग भाषाओं में तीन फिल्में करने वाली बालीवुड अभिनेत्री सनी लियोन का कहना है कि अगर कंटेंट अच्छा हो तो भाषा कोई बाधा नहीं पैदा करती। अभिनेत्री सनी लियोन की कन्नड़ फिल्म चैंपियन पहले ही सिल्वर स्क्रीन पर हिट हो चुकी है, अभिनेत्री के पास विष्णु मांचू के साथ एक तेलुगु मास एंटरटेनर गिना है जो 21 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। उनकी तमिल फिल्म ओह माई घोस्ट नवंबर में रिलीज होने के लिए तैयार है। खास बात यह है कि अभिनेत्री सनी लियोन इन दिनों गोवा में लोकप्रिय रियलिटी शो स्प्लिट्सविला के अगले सीजन की शूटिंग हिंदी में कर रही हैं। इस साल की शुरूआत में, सनी लियोन ने हिंदी में एक वेब सीरीज में अभिनय किया था, जिसका शीर्षक अनामिका था। उल्लेखनीय है कि ऐसे बहुत कम अभिनेता होते हैं, जो भाषा की सीमा में न उलझकर कंटेंट पर ध्यान देते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा माना है कि अच्छे कंटेंट में भाषा कभी बाधा नहीं बनती है। मैं हमेशा नई चीजों को आजमाना चाहती हूं। और यह इतना कारगर हुआ कि इस महीने मेरी कन्नड़ फिल्म चैंपियन रिलीज हुई। इस महीने के अंत में विष्णु मांचू के साथ मेरी फिल्म गिना जो एक बड़ी तेलुगु फिल्म है, रिलीज होगी। अगले महीने, तमिल में बनी मेरी हॉरर कॉमेडी ओह माई घोस्ट रिलीज होगी। मैं नई चीजें सीखने से कभी नहीं डरती। यही वजह है कि मैं चुनौतियां स्वीकार करने से कभी नहीं डरती।

# अंतर महाविद्यालय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में अलायसियस विजेता

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग खेल कैलेंडर के अनुसार रादुविवि खेल मैदान में आयोजित अंतर महाविद्यालय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में संत अलॉयसियस कॉलेज ने यूटीडी को हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया। दोनों टीमों में स्टार खिलाड़ी मौजूद थे जिसमें अत्यंत संघर्षपूर्ण मैच में संत अलॉयसियस ने बाजी मारी। जहां विजेता टीम की ओर से यशवंत यादव ,जय पटेल, संदीप कोकोते ,रोहित ,वहीं यूटीडी में रविंदर हिमांशु चौधरी उदय का खेल सराहनीय रहा। इससे पहले खेले गए सेमीफाइनल मैच में यू टी डी ने सिहोरा को, संत अलॉयसियस ने ओ एफ के को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि शारीरिक शिक्षण विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉक्टर आरके यादव ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ अमित साहू ,डॉ शक्ति सिंह मंडलोई ,विभागाध्यक्ष डॉ विशाल बन्ने ,सुनील लखेरा मौजूद रहे।



इस अवसर पर सुदर्शन ठाकुर डॉ.मनीष मिश्रा, कन्हैया ,हरीश दुबे , जालिम सिंह राजपूत प्रशांत यादव आदि उपस्थित थे मैचों में निर्णायक की भूमिका मध्य प्रदेश कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष शानू यादव ,परमूलाल यादव मनजीत सामल, जितेंद्र यादव दिनेश तिवारी ने बखूबी निभाई।

दीपावली की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**नगर परिषद बरही जिला-कटनी**

अपील

- नगर स्वच्छ बनाए रखने सभी नगरवासी सहभागिता निभाएं
- स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाएं
- जल ही जीवन है, इसे व्यर्थ न बहाएं
- सभी करों का भुगतान समय मे करते हुए नगर विकास मे आगे आएं
- दीप महापर्व की समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

सौजन्य:- नगर परिषद बरही

रूप चर्तुदशी की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**संजय सत्येंद्र पाठक**

विधायक विजयराघवगढ़

पूर्व मंत्री म.प्र. शासन

समस्त नगरवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां



**बी. एम. तिवारी**

अध्यक्ष-कटनी ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

कटनी बाम्बे रोड कैरियर, बरगवां - कटनी

दीपावली की समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**ओम नारायण (अन्नू) सिंह**

उपाध्यक्ष, जिला पंचायत उमरिया

दीपावली की समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**एस.एस.एस गुरुकुल उबरा, बरही**

बरही क्षेत्र का इकलौता सीबीएसई पाठ्यक्रम संचालित करने वाला उत्कृष्ट विद्यालय

**राजेश कुमार पांडेय** (प्राचार्य)

दीपावली की समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**सरोज मिनरल्स एंड माइंस**

काली गिट्टी के निर्माता व विक्रेता

कनोर-बिचपुरा-बरही, जिला-कटनी

दीप पर्व की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं, बधाई

**श्रीराम ट्रेडर्स**

जाजागढ़, बरही

काली गिट्टी, फ्लाई ऐश ईंटो के निर्माता व विक्रेता

सौजन्य:- लीलाराम गुप्ता, बरही





दीपावली की समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

उन चुनिंदा लोगों के लिए, जिंदगी में उचाईयां जिनका नसीब है

**वेद बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स**

पता- हाउसिंग बोर्ड कालोनी के पीछे किडज़ी स्कूल के सामने, कटनी (म.प्र.)

मो. 9171451765, 9171451766, 9425865942, 7509691260, 8889983483

दीपावली की समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**मेहरोत्रा इंडस्ट्रीज बुजबुजा/बरही**

काली गिट्टी के निर्माता व विक्रेता

निवेदक- श्री कृष्ण मेहरोत्रा, मनु मेहरोत्रा, बरही

दीप पर्व की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं, बधाई

हैप्पी दिवाली

**नटराज फिलिंग सेंटर**

शुद्ध डीजल, पेट्रोल के विक्रेता

सौजन्य:-अशोक वर्मा खितौली रोड, बरही





धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

नयनाभिराम आभूषणों के लिए विश्वसनीय प्रतिष्ठान

BIS - 916 100% Hallmarked

हालमार्क के आभूषणों का भरोसेमंद शोरूम

**रूपम ज्वेलर्स**

सोने एवं चांदी के फैंसी जेवरों के निर्माता एवं विक्रेता

सराफा चौक, कटनी मो. 8770075087, 9993308089

दीपावली पर नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

Rajeev saraf

**SARAF TRADING Co.**

Saraf Compound, Near Shankar Talkies Station Road Katni (M.P.)

Ph. 07622-406169, Mo. 9425410985





**SAMRATH PIPES**

Bajrang Nagar, Peerbaba, Village - Deori Tola, Distt - Katni- 483442 (M.P.)

Email : samrathpipes@rediffmail.com, Visit us : www.samrathpipes.com





**Jk Cement Ltd.**

Plant-Village Rupaund Tehsil Badwara distt. Katni m.p. 483773 07241-115856

Corporate Office-Padam Tower, 19 DDA Community Center Okhla Phase-1 New Delhi-110020 Tel-011-49220000

www.jkcement.com

धनतेरस एवं दीपावली की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

शुभ धनतेरस

स्वर्ण, रजत आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

**प्रथम ज्वेलर्स**

नोट- जेवर गिरवी रखे जाते हैं

स्वर्ण प्लाजा मार्केट सराफा बाजार, कटनी

प्रो. आशीष सोनी, मो. 9302246647



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)